हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 नाबालिग को जबरन जंगल ले जाकर दुष्कर्म ...



09 जिले पर ही मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का...



## खबर संक्षेप में

### अमित जैन सोशल ग्रुप मेन के अध्यक्ष बने

**नलखेड़ा।** जैन समाज के युवा समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अमित तातेड़ को जैन सोशल ग्रुप मेन के अध्यक्ष पद पर



मनोनयन होने पर इष्ट मित्रों तथा समाजजनों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व जैन समाज के युवा समाजसेवी अमित तातेड़ को जैन सोशल ग्रुप मेन का अध्यक्ष बनाया गया हैं। उनकी इस नियुक्ति पर सोशल ग्रुप के सदस्यों तथा समाज के युवाओं ने कहा कि तातेड़ के कुशल नेतृत्व में जैन सोशल ग्रुप नलखेड़ा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा समाज सेवा, संगठन और सद्भाव के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता रहेगा। उनका यहां नवीन दायित्व सफल प्रेरणादायक और गौरवशाली रहे, ऐसी शुभकामना के साथ उन्हें बधाइयां देते हुए व्हाट्सएप पर संदेश प्रेषित किए गए। नियुक्ति के बाद श्री तातेड़ ने बताया कि जल्द ही नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों का शपथ विधि समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य 17 जुलाई को आएंगे

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय 17 जुलाई, गुरुवार को आगर-मालवा जिले के प्रवास पर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मालवीय का 17 को प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाउस आगर-मालवा आगमन होगा। इसके पश्चात 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जिला अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं अनुसूचित जाति वर्ग के हितार्थ शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस पर जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों से भेंट करेंगे। वे दोपहर 3:00 बजे नलखेड़ा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंने के बाद भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगें।

### ई-प्रवेश अभियान में अब तक 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

**सीहोर।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रदेश भर के विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ते उत्साह का परिणाम है कि 11 जुलाई 2026 तक 6,53,103 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जबकि 5,65,576 आवेदनों का सत्यापन सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण की कॉलेज स्तरीय काउंसिलिंगसंचालित है तथा पंजीयन एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित है। अब तक 4,00,206 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है।

## समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

# सभी विभाग वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाने वाली जानकारी समय पर भेजें: श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



लोक सेवा गारंटी के तहत आम जनों को समय सीमा में सेवाएं प्रदान करने के लिए नामित प्राधिकृत अधिकारी निर्धारित दिवस पर संबंधित लोक सेवा केंद्र पर उपस्थित रहकर नागरिकों को समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध करवाए। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज 50 दिवस से अधिक की लंबित सभी शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक निराकृत कर अपने विभाग की रैंक में सुधार लाएं,कोई भी विभाग डी व सी ग्रेड में नहीं रहे, सभी ए ग्रेड हासिल करें। यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सोमवार को समय सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जिला अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलकी, एडीएम डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, आर पी वर्मा, सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम एवं जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित हो रहे प्रदेश व्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की तैयारी की समीक्षा में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की तैयारी कर अभियान का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। इस अभियान में सभी विभाग आम जनों की भी सहभागिता सुनिश्चित करवाए। बैठक में समग्र ई केवाईसी कार्य की समीक्षा में बताया गया कि आगर जिला 92 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में सातवें स्थान पर है। सभी जनपद सीईओ, सीएमओ को एक सप्ताह में 75 प्रतिशत से अधिक समग्र ई केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोई भी सीएम हेल्पलाइन नान अटेंडेंट न रहे।

## नागरिकों व मातृ शक्ति ने लिया भाग

# नलखेड़ा में वॉकथॉन का आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप नलखेड़ा यूनिक द्वारा रविवार को नगर में एक ऐतिहासिक वॉकथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। रविवार प्रातः 7 बजे हल्की फुहारों और सुहाने मौसम के बीच वॉकथॉन का शुभारंभ स्थानीय श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर चौक बाज़ार से हुआ, जो गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग, तहसील चौराहा होते हुए तहसील रोड़ स्थित सागर विद्या निकेतन पहुँचकर सम्पन्न हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा यह संदेश देना था कि प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए अवश्य निकालें और नियमित रूप से पैदल चलने की आदत अपनाएँ। कार्यक्रम के दौरान जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप नलखेड़ा यूनिक के संस्थापक अध्यक्ष उमंग फाफरिया ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने सभी से नियमित रूप से वॉक करने तथा स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकता बनाने का आग्रह किया।

समापन स्थल पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन स्थल पर सेल्फी पॉइंट बनाया गया था जहाँ प्रतिभागी सेल्फी लेते रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने वॉकथॉन को एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बताया। पूरे आयोजन में उत्साह व अनुशासन का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रतिभागियों के चेहरों पर प्रसन्नता और आत्मसंतोष स्पष्ट दिखाई दे रहा था। यह आयोजन नलखेड़ा में स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल के रूप में याद किया जाएगा। नगर में प्रथम बार हुए इस प्रकार के आयोजन को लेकर सोशल ग्रुप के युवाओं के साथ नगर के अन्य युवाओं में भी उत्साह का वातावरण था। ग्रुप के सदस्यों द्वारा घर घर संपर्क कर नागरिकों युवाओं तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से इसमें भाग लेने की अपील की गई थी।



# भैंस चराने गए बुजुर्ग की नदी में डूबने से मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



तहसील के ग्राम सामरी में जंगल में भैंस चराने गए एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की नहाने के दौरान नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को ग्राम सामरी निवासी भोलाराम पिता रामरतन गुर्जर उम्र 60 वर्ष भैंस चराने जंगल गए हुए थे उनके साथ ओर अन्य ग्रामीण भी थे। दोपहर 12 बजे के लगभग भोलाराम ने अपने साथ आए अन्य ग्रामीणों से बोला कि में नदी में नहाकर आता हु। काफी देर हो जाने के बाद मृतक भोलाराम के वापस न आने पर ग्रामीण उन्हें देखने गए तो नदी के समीप उनके कपड़े पड़े थे ओर वह मौके पर मौजूद नहीं थे , साथ आए ग्रामीणों द्वारा भोलाराम को तलाशा गया। लेकिन नहीं मिलने पर परिजन ओर पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस द्वारा एसडीआरएफ टीम की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन चलाकर खोजबीन प्रारंभ की गई। जिसमें भाटन नदी में भोलाराम की बॉडी जब्त की गई। जिसका पुलिस द्वारा सिविल हॉस्पिटल नलखेड़ा में शव परीक्षण कर शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजन के सुपुर्द किया गया।

## 6 साल से फरार 5 हजार के इनामी मर्डर के सजायाफ्ता को देवास के जंगलों से दबोचा, पेरोल से लौटकर नहीं गया था जेल

**सीहोर।** कोतवाली पुलिस ने 6 वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी और हत्या के सजायाफ्ता आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी वर्ष 2021 में पेरोल पर जेल से बाहर आने के बाद से लगातार फरार था।

पुलिस के अनुसार यह घटना वर्ष 2010 की है। लड़की छेड़ने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने एक राय होकर फरियादी के बड़े पिता बलराम पिता लालजी राम खाती, उम्र 60 वर्ष, निवासी धामनखेड़ा के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना में मामला दर्ज कर 1 दिसंबर 2010 को चालान न्यायालय में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद द्वितीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने 3 सितंबर 2011 को फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया था।

### पेरोल पर आया और फरार हो गया

इस हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त कल्लू उर्फ कालू भिलाला पिता मांगीलाल भिलाला, उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम धामनखेड़ा जेल में सजा काट रहा था। वर्ष 2021 में वह पेरोल पर बाहर आया और उसके बाद वापस जेल नहीं लौटा। पिछले 6 सालों से वह पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था और हाईकोर्ट जबलपुर का वारंटी भी था। फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र यादव के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपनी पहचान छुपाकर देवास जिले में रह रहा है। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बिजबाड़, थाना कांटाफोड़, जिला देवास में घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस टीम सीहोर लेकर आई। यहां कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से लंबे समय से लंबित फरारी के मामले में बड़ी सफलता मिली है।

## सीहोर में गूंजेगी युवाओं की आवाज: जीतू पटवारी के नेतृत्व में युवा स्वाभिमान यात्रा साइक्लोथॉन

**सीहोर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में आगामी 14 और 15 जुलाई को सीहोर जिले में एक विशाल राजनीतिक और सामाजिक हलचल होने जा रही है। युवाओं, छात्रों और किसानों के हक, शिक्षा, रोजगार और स्वाभिमान के संकल्प को लेकर युवा स्वाभिमान यात्रा साइक्लोथॉन युवा स्वाभिमान यात्रा-छात्रों की गूंज का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। दो दिवसीय यात्रा का पूरा शेड्यूल 14 जुलाई (प्रथम दिवस) संवाद और सांस्कृतिक संध्या यात्रा इंदौर, देवास और सोनकच्छ होते हुए सीहोर जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। दौलतपुर (सरहद्दी) और मेंहतवाड़ा होते हुए यात्रा जावर जोड़ पहुंचेगी, जहाँ ग्रामीण छात्र-छात्राओं के साथ चुनौतियां संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद डोडी होते हुए यात्रा आष्टा पहुंचेगी। आष्टा के गोकुलधाम गार्डन (पुराना दशहरा मैदान) में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवा संवाद का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद यात्रा का रात्रि विश्राम आष्टा में ही होगा। दिनांक 15 जुलाई (द्वितीय दिवस) विशाल जनसभा और भोपाल कूचयात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत कोठरी से होगी। अमलाहा, सौंडा, नापली और मुग़िसपुर होते हुए यात्रा सुबह 10 बजे सीहोर शहर के इंदौर नाका, बढियाखेड़ी चौराहा, लीसा टॉकीज चौराहा और बड़ा बाजार मार्ग से गुजरेगी। सुबह 11 बजे कोतवाली चौराहे पर होगी युवा स्वाभिमान जनसभा यात्रा का मुख्य आकर्षण सीहोर के कोतवाली चौराहे पर आयोजित होने वाली युवा स्वाभिमान जनसभा होगी। इस जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कई दिग्गज नेता युवाओं और किसानों को संबोधित करेंगे। जनसभा के बाद यह काफिला आनंद डेरी चौराहा, बस स्टैंड, सेकड़ाखेड़ी रोड और फंदा टोल टैक्स होते हुए भोपाल में मुख्यमंत्री निवास सीएम हाऊस के घेराव के लिए रवाना होगा।



**जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने की अधिक से अधिक संख्या में जुटने की अपील :** जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिले के सभी युवा साथियों, किसान भाइयों, छात्र-छात्राओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इस यात्रा में बढ़-चढकर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस सहित एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से भारी संख्या में साथियों के साथ उपस्थित होकर युवाओं की इस आवाज को बुलंद करें।

## बैंक प्रबंधन बोला: खाते नियमानुसार ही खोले जाते हैं

# 6 भाइयों की सहमति के बिना खुला खाता, सीहोर में बैंक ने जारी किया 1.21 लाख का लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले के ढाबला माता गांव में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधन पर धोखाधड़ी और नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं। एक किसान परिवार का कहना है कि बैंक ने उनकी लिखित चेतावनी के बावजूद छह भाइयों में से केवल दो की सहमति से नया खाता खोलकर उस पर ऋण जारी कर दिया।

परिवार के सदस्य अनवर खां ने बताया कि उनके पिता अशरफ खां के नाम पर बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का ऋण खाता था। जब सभी भाई ऋण चुकाकर खाता बंद कराने बैंक पहुंचे, तब उन्हें नए खाते और नए ऋण की जानकारी मिली। अनवर खां के अनुसार, पुराने केसीसी खाते में 3 लाख 22 हजार रुपये का ऋण था। इसके अलावा एक नया खाता खोलकर 1 लाख 21 हजार रुपये का नया ऋण भी जारी कर दिया गया। परिवार का कहना है कि छह भाइयों में से किसी को इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने बताया कि करीब छह महीने पहले बैंक को लिखित आवेदन दिया गया था। इसमें स्पष्ट कहा गया था कि उनके पिता के खाते में किसी भी तरह का लेन-देन या बदलाव सभी छह भाइयों की मौजूदगी और सहमति से ही किया जाए। किसी एक या दो भाइयों की सहमति पर कोई कार्रवाई नहीं की जाए।



आरोप है कि इसके बावजूद बैंक के कुछ कर्मचारी ढाबला माता स्थित उनके घर पहुंचे। वहां अन्य भाइयों की गैरमौजूदगी में एक भाई से कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने इस मामले में बैंक मैनेजर लखन पवार से बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इस विषय पर चर्चा करने से इनकार कर दिया। वहीं, बैंक प्रबंधन का कहना है कि खाते नियमानुसार ही खोले जाते हैं।

## 14 और 15 को जगदीश मंदिर में हवन-दिव्य अनुष्ठान के पश्चात 16 जुलाई को निकाली जाएगी भव्य रथ यात्रा

**सीहोर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण किया है। वहीं आगामी 14-15 जुलाई को मंदिर में जगन्नाथ पुरी से लेकर आई चलती प्रतिमाओं का विशेष अभिषेक और हवन 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसके अलावा 16 जुलाई को सुबह दस बजे आस्था और उत्साह के साथ भव्य रथ यात्रा पुरी की तर्ज पर निकाली जाएगी। समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल और पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहेगा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष चल समारोह अध्यक्ष भंवर लाल परमार कुलांस कला का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल, कमल पटेल, मुकेश परमार, विष्णु परमार, शिव परमार, जेपी परमार, भगीरथ परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रम परमार आदि ने भगवान जगदीश की रथ यात्रा का प्रचार-प्रसार किया।



## खबर संक्षेप

### आज साइकिल रैली लेकर देवास पहुंचेगे जीतू पटवारी

**देवास।** नीट और अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आ रही लगातार धांधलियों को लेकर और शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते व्यावसायीकरण के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, आज इंदौर से युवा स्वाभिमान सायक्लोथान रैली की शुरुआत कर रहे हैं। उक्त रैली आज सुबह 11 बजे देवास पहूंचेगी। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा रसुलपुर चौराहे पर रैली की आगवानी की जाएगी। इसके पश्चात शहर के विभिन्न चौराहों से लेकर भोपाल बायपास चौराहे तक जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। ये रैली आष्टा में रात्रि विश्राम के उपरांत, 15 जुलाई को भोपाल पहुंचेगी। सायक्लोथान रैली का रसुलपुर चौराहे पर प्रदीप चौधरी कैलादेवी चौराहे पर, ब्लाक अध्यक्ष रूपेश कल्याणे,सयाजी द्वार पर ब्लाक अध्यक्ष इशान राणा, उज्जैन रोड़ चौराहे पर ब्लाक अध्यक्ष प्रतीक शास्त्री, भोपाल चौराहे पर ब्लाक अध्यक्ष नीरज नागर एवं भोपाल बायपास चौराहा पर ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह सोलंकी के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। गौतम और चौधरी ने कार्यकर्ताओं से सायक्लोथान रैली का भव्य स्वागत करने की अपील की है।

### श्रद्धांजलि सभा में नम आँखों से किया दिवंगत का स्मरण



**कांटाफोड़।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित गल्ला खरीदी व्यापारी, समाजसेवी एवं सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी महेश राठौर के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र एवं राठौर समाज में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास माता मंदिर चौक, कांटाफोड़ से बड़ी संख्या में परिजनों, समाजजनों, व्यापारियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति में निकाली गई। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।स्व. महेश राठौर अपने सौम्य स्वभाव, ईमानदारी, सामाजिक सेवा एवं सभी के प्रति आत्मीय व्यवहार के लिए जाने जाते थे। उनके असामयिक निधन को समाज एवं क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

### 36 घंटे में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के प्रकरण का खुलासा

# नाबालिग को जबरन जंगल ले जाकर दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

**पुलिस की त्वरित, सुनियोजित एवं प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप प्रकरण में मिली सफलता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु जिलेभर में प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 11 जुलाई को थाना बागली पर फरियादिया ने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि पीड़िता घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान आरोपी लालसिंह अपने साथियों रोहित और अनिल के साथ वहां पहुंचा। तीनों आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से पीड़िता का मुंह दबाकर उसे जबरन जंगल की ओर ले गए, जहां आरोपियो ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया । अपराध की सूचना प्राप्त होने पर थाना बागली में अपराध क्रमांक 311/2026 धारा 115(2), 127(1), 137(1)(ए), 3(5), 351(3), 65(2)(एम) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी बागली निरीक्षक मनोज सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, भौतिक साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी तथा आरोपियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी। पुलिस की त्वरित, सुनियोजित एवं प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप मात्र 36 घंटे के भीतर तीनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में आरोपियो द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया गया,जिन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

#### गिरफ्तार आरोपी

लालसिंह पिता विश्राम देवड़ा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम झिरी। रोहित पिता भूरसिंह उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम झिरी। अनिल पिता सुखराम कोरकू उम्र 26 वर्ष निवासी इमलीपुरा उदयनगर शामिल है।

#### सराहनीय भूमिका

उक्त सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह,उप निरीक्षक गेब्रियल एक्का,सहायक उप निरीक्षक सऊद कुरैशी,मनोज शर्मा,तरुण टोप्पो,आरक्षक अरुण चौहान,विशाल चन्द्रवंशी एवं महेश सिसोदिया की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## ग्राम होशियारी व मकोडिया के मध्य बने सिरोंज बैराज विंगवॉल के पास कटाव को दोबारा भरा

**मंत्री सिलावट ने दिए जांच के निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शिप्रा नदी पर हाटपीपल्या विधानसभा अंतर्गत ग्राम होशियारी एवं मकोडिया के मध्य बनाये गये सिरोंज बैराज कम काजवे के कैचमेंट एरिया में हुई अत्यधिक बारिश के कारण बैराज के पास खेत की मिट्टी में भारी कटाव होने एवं तेज बहाव के चलते गत 9 जुलाई 2026 को बैराज की विंगवॉल के अंदर का बैकफिलिंग मटेरियल बह गया था। इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल संसाधन विभाग को बैराज क्षेत्र में हुए मिट्टी कटाव के मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इस मामले में विभागीय अधिकारियों को जांच के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जांच में जो दोषी पाये जायेंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग देवास एस.एस. जादौन ने बताया कि जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निर्देशानुसार अगले ही दिन यानी 10 जुलाई 2026 से ही पुनः बैकफिलिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। महज दो दिनों के भीतर, 12 जुलाई 2026 तक बह चुके फिलिंग मटेरियल को पूरी तरह से दोबारा भर दिया गया। भविष्य में अत्यधिक बारिश या बाढ़ की स्थिति में इस प्रकार के मिट्टी कटाव को रोकने के लिए वहां एक अतिरिक्त प्रोटेक्शन वॉल बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बैराज कम काजवे का निर्माण के लिए 2.18 करोड़ का अनुबंध निर्माण एजेंसी मेसर्स कटारे एन्ड कंपनी (जे.व्ही.) ग्वालियर के साथ किया गया है। कंपनी द्वारा वर्षा पूर्व लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है शेष कार्य वर्षा उपरांत किया जाना है।

## ब्रह्म सनातन गौरव की बैठक संपन्न ब्रह्म सनातन गौरव की कांवड़ यात्रा निकालने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था ब्रह्म सनातन गौरव की बैठक संस्था कार्यालय आवास नगर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पं. दीपक जोशी के नेतृत्व एवं संयोजन में विगत तीन वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी चतुर्थ भव्य ब्रह्म सनातन गौरव कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में तय किया गया कि 9 अगस्त 2026 (रविवार) प्रातः 11 बजे कावड़ यात्रा मानस भवन शिव मंदिर, बी.एन.पी. रोड, राधागंज से प्रारंभ होगी। यात्रा में श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर से लाए गए पवित्र जल से बिलावली बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। अभिषेक के पश्चात सभी धर्मप्रेमी कावड़ यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कावड़ यात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं समाज की अधिकाधिक भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से पं. संजय शुक्ला, पं. ओ.पी. दुबे, पं. प्रयास गौतम, पं. रमेश व्यास, पं. सतीश दुबे, पं. महेंद्र स्थापक, पं. आशुतोष जोशी, पं. घनश्याम पंडित, पं. मधुसूदन शर्मा, पं. अशोक चौबे, पं. महेंद्र व्यास, पं. मंगेश शर्मा, पं. छोटू पांडे (युवा अध्यक्ष), पं. प्रतिक पंडित, पं. संजय दुबे, पं. रोहित उपाध्याय, पं. सतीश व्यास, पं. निलेश जोशी, पं. कमल शर्मा, पं. सिद्धार्थ अवस्थी, पं. माधवानंद दुबे (अध्यक्ष, प्रगति संगठन) सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में पं. महेंद्र स्थापक ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

### पेंचक सिलाट चैंपियनशिप, मप्र ने जीते पांच पदक

**देवास।** देश भर के 1500 खिलाडिय़ों और अधिकारियों की भागीदारी वाली चौदहवीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 6 से 8 जुलाई तक साईं इनडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम, शिलांग में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में भारतीय नेवी, ऑल इंडिया पुलिस, एसएसबी, इनकम टैक्स और सीआरपीएफ जैसे प्रतिष्ठित विभागों के खिलाडिय़ों ने भी हिस्सा लिया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार एहमद शेख और सचिव अभय श्रीवास ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से 1500 प्रतिभागियों,कोच,मैनेजर ओर रेफरियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मध्यप्रदेश के 32 खिलाडिय़ों ने भाग लिया ओर एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल छह पदक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रमुख परिणाम- महेंद्र स्वामी (इंदौर) ने फाइट में स्वर्ण पदक जीता। देवास की जाह्नवी सरकार ने फाइट में कांस्य पदक हासिल किया। सीनियर इवेंट्स में दिशा रेड्डी ने सोलो स्पर्धा में रजत पदक जीता। भूमिका जैन ने टुंगल इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।जागृति योगी और दिशा रेड्डी ने गांडा इवेंट में संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता। कोच और खिलाडिय़ों के समर्पित प्रयासों से टीम ने बेहतरीन मनोबल दिखाया और कई करीबी मुकाबलों में सफलता पायी। मध्यप्रदेश के समस्त पदाधिकारी, कोच, रैफरी और खिलाडिय़ों ने प्रतियोगियों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की तथा प्रतिभागियों को आगामी स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। अंत में शिलांग में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के युवा पेंचक सिलाट खिलाडिय़ों के लिए अनुभव और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि का मंच साबित हुई।

### 35 वर्षीय युवक का शव नाले में मिला



**देवास।** भौंरासा थाना क्षेत्र के सिकखेड़ी नाके के पास सोमवार दोपहर पानी से भरे नाले में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान जामगोद निवासी 35 वर्षीय संदीप अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि संदीप सोमवार सुबह घर से निकले थे। कुछ घंटे बाद उन्हें सूचना मिली कि उनका शव नाले में मिला है। परिजनों के अनुसार, संदीप मजदूरी का काम करते थे। फिलहाल युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खेड़ापति सरकार बनेंगे भगवान जगन्नाथ के सेवक 16 को मंदिर में होगा विशेष श्रृंगार व सेवा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री खेड़ापति मारुति मंदिर में गुरुवार, 16 जुलाई को विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री जगन्नाथपुरी की परंपरा से प्रेरित विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्री खेड़ापति सरकार को भगवान श्री जगन्नाथ के सेवक स्वरूप में विशेष रूप से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को अद्भुत एवं मनोहारी दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। मंदिर के पुजारी दर्शन उपाध्याय एवं पुजारी तृपतेश उपाध्याय ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की सेवा भावना का अनुभव करते हुए श्री खेड़ापति सरकार के विशेष दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ की भक्ति एवं सेवा से जोड़ना है। रात्रि आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में दत्तात्रय पाठक, दिनेश वर्मा, राहुल चड़ोकर, सौरभ पांचाल, निलेश जायसवाल सहित अनेक श्रद्धालु एवं भक्तजन सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। मंदिर में विशेष सजावट एवं आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे 16 जुलाई को श्री खेड़ापति मारुति मंदिर पहुंचकर बाबा श्री खेड़ापति सरकार के विशेष श्रृंगार के दर्शन करें, भगवान जगन्नाथ की सेवा भावना का पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा रात्रि आरती एवं खिचड़ी प्रसाद में सहभागी बनें।

## डिजिटल लर्निंग और संगठन विस्तार पर मंथन भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला मासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़




भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जिला देवास की डिजिटल लर्निंग एवं कामकाजी जिला मासिक बैठक विधानसभा बागली के अंतर्गत मंडल कांटाफोड़ में उत्साह एवं संगठनात्मक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, डिजिटल लर्निंग अभियान को गति देने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है और डिजिटल युग में तकनीक के माध्यम से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री खुशीलाल राठौड़, जिला अध्यक्ष टिंकी फूलसिंह बारेला, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसिंह ओसारी, वरिष्ठ भाजपा नेता गजराज रावत, जिला महामंत्री अखिलेश धूरिया एवं संतोष देवड़ा, पानीगांव मंडल अध्यक्ष सुनील कर्मा, जनपद सदस्य संतोष कड़िया, खातेगांव मंडल महामंत्री विनोद कमरे, बेकलिया सरकार मंडल महामंत्री राजाराम टोटा, पार्षद अनिरुद्ध शर्मा सहित मोर्चा के जिला पदाधिकारी, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, सेवा कार्यों एवं आगामी अभियानों को लेकर प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही समाज और राष्ट्र की सेवा का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक के समापन पर विधानसभा बागली के पूर्व विधायक स्व. पहाड़ सिंह कन्नौजे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। बैठक का समापन ‡संगठन ही हमारी शक्ति है, सेवा ही हमारा संकल्प है‡ के संदेश के साथ हुआ।

**स्वर्ण मूल्यांकनकर्ताओं के लिए समान नीति की मांग, बैंक अधिकारियों ने दिया आश्वासन**

# गोल्ड अप्रेजल वेलफेयर फाउंडेशन का हुआ राज्य स्तरीय सम्मेलन







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन (जेडीडब्ल्यूए) मध्य प्रदेश के संरक्षण एवं मुख्य प्रायोजन में गोल्ड अप्रेज़ल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कान्हा फन सिटी, देवास में स्वर्ण मूल्यांकनकर्ताओं का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें प्रदेशभर से लगभग 250 स्वर्ण मूल्यांकनकर्ताओं ने भाग लिया। जेडीडब्ल्यूए मध्य प्रदेश के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य स्वर्ण मूल्यांकनकर्ताओं को संगठित कर उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण, उचित सम्मान एवं एक समान कार्य व्यवस्था दिलाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केनरा बैंक के आईजीएम रविचंद्रा, एजीएम टी. रमेश तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल ऑफिसर बलवीर कुमार रहे। विशेष अतिथि के रूप में इंडिया गोल्ड मेटावर्स के वाइस प्रेसिडेंट चेतन भंडारी, गोल्ड रेट विशेषज्ञ वीरेंद्र व्यास तथा जेडीडब्ल्यूए मध्य प्रदेश के सचिव संतोष सराफ उपस्थित रहे। सम्मेलन में सभी बैंकों में समान मूल्यांकन शुल्क, एकरूप कार्य प्रणाली, बीमा सुविधा, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण तथा राष्ट्रीय स्तर पर समान नीति लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। जेडीडब्ल्यूए मध्य प्रदेश के सचिव संतोष सराफ ने कहा कि स्वर्ण मूल्यांकनकर्ता बैंक और ग्राहक के बीच विश्वास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा उन्हें समान पारिश्रमिक, प्रशिक्षण और स्पष्ट कार्य व्यवस्था मिलनी चाहिए। बैंक अधिकारियों ने संस्था की मांगों पर उन्हें उच्च स्तर पर रखने का आश्वासन दिया।

## किसान परिवार के बेटे महिपाल ने एमपी पीएससी माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा में प्रदेश में प्राप्त की 5वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा-2025 के अंतिम परिणाम में ग्राम आगुरली, तहसील बागली, जिला देवास निवासी महिपाल सिंह सोलंकी पिता नारायण सिंह सोलंकी ने प्रदेश में 5वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।साधारण किसान परिवार से आने वाले महिपाल सिंह ने सीमित संसाधनों के बीच कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का प्रथम श्रेय आराध्य देवी-देवताओं के आशीर्वाद, माता-पिता के त्याग एवं संघर्ष, गुरुजनों के मार्गदर्शन, परिवार और शुभचिंतकों के सहयोग को अपनी सफलता का आधार बताया। ग्रामीणों, किसानों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे ग्रामीण प्रतिभा, किसान परिवारों की मेहनत और युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।महिपाल सिंह ने कहा कि लगन, निरंतर प्रयास, माता-पिता के संस्कार, गुरुजनों का मार्गदर्शन और ईश्वर की कृपा से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### चार एसडीएम के तबादले, तीन नए अधिकारियों की तैनाती

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन ने जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए चार उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) का स्थानांतरण अन्य जनपदों में कर दिया है। साथ ही जिले में तीन नए एसडीएम की तैनाती की गई है। शासन द्वारा जारी आदेश के बाद प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और जल्द ही नए अधिकारी अपना कार्यभार संभालेंगे। जारी आदेश के अनुसार सदर तहसील के एसडीएम मनीष कुमार विश्वकर्मा का स्थानांतरण गोरखपुर कर दिया गया है। पाली तहसील के एसडीएम निशांत तिवारी को मेरठ भेजा गया है। पाली के न्यायिक एसडीएम भूपेंद्र सिंह का तबादला बांदा और महरौनी की न्यायिक एसडीएम सैयद सानिया सोनम एजाज का स्थानांतरण प्रयागराज किया गया है।

स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर शासन ने ललितपुर में तीन नए उपजिलाधिकारियों की तैनाती की है। इनमें मसीहानजम (अमरोहा से), अंजली सिंह (मैनपुरी से) और मो. जसीम (चित्रकूट से) शामिल हैं। ये अधिकारी शीघ्र ही ललितपुर पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। न्यायिक एसडीएम भूपेंद्र सिंह सितंबर 2023 में ललितपुर आए थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने मड़ावरा, तालबेहट और महरौनी जैसी महत्वपूर्ण तहसीलों में विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाईं। वर्तमान में वह पाली तहसील में न्यायिक उपजिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। सैयद सानिया सोनम एजाज वर्ष 2024 में ललितपुर आई थीं। उन्होंने पहले पाली में एसडीएम और बाद में महरौनी में न्यायिक एसडीएम के रूप में सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। वर्ष 2024 में जिले में आए निशांत तिवारी ने तालबेहट तहसील के एसडीएम और ललितपुर तहसील में न्यायिक एसडीएम के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वह पाली तहसील के एसडीएम थे, जिन्हें अब मेरठ स्थानांतरित किया गया है। शासन के इस व्यापक फेरबदल को जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के बाद तहसीलों में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का पुनर्विन्यास भी किया जा सकता है। फिलहाल प्रशासनिक महकमे में नए तैनाती आदेशों को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

### मड़ावरा रोड पर दो दोस्तों पर लाठी-डंडों से हमला

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ावरा रोड स्थित खाटू श्याम रेस्टोरेंट के पास दो दोस्तों के साथ रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दोनों को घायल कर दिया गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया, जबकि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कस्बा महरौनी के नाराहट रोड निवासी बलराम निरंजन पुत्र रतन सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि 8 जुलाई 2026 की शाम करीब 8 बजे वह अपने साथी रवि खटीक पुत्र रमेश खटीक, निवासी डिग्री कॉलेज रोड, महरौनी के साथ सैदपुर से वापस लौट रहे थे। जब दोनों मड़ावरा रोड स्थित खाटू श्याम रेस्टोरेंट के पास पहुंचे, तभी पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। साहब सिंह, रूपेश पटेल और भगवत ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब दोनों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों के साथ मौजूद पांच अन्य लोग भी लाठी-डंडे लेकर आ गए और दोनों पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों को घेरकर बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें हमलावरों से बचाया। भीड़ जुटती देख आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल दोनों युवकों का उपचार कराने के बाद पीड़ित ने कोतवाली महरौनी में शिकायत दर्ज कराई।

### मरीजों को अनावश्यक रेफर करने का चलन पूरी तरह होगा बंद

# जिले पर ही मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभः जिलाधिकारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यमंत्री की जनआरोग्य की भावना को जमीन पर उतारने व आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला पुरूष/महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और चिकित्सकों को सेवाभाव के साथ मरीजों का उपचार करने तथा उन्हें बेहतर से बेहतर इलाज जिले स्तर पर ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज बन जाने से निश्चित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है, परन्तु चिकित्सक यह सुनिश्चित करें कि मरीजों को अनावश्यक रेफर करने का चलन पूरी तरह से बंद हो और उन्हें हर सम्भव उपचार यहीं दिया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के प्रति बेहद गंभीर दिखे, उन्होंने एस०एन०सी०यू० में भर्ती बच्चों के बारे में उपस्थित चिकित्सकों से जानकारी ली और एस०एन०सी०यू० में अग्नि निकास द्वार व अग्नि शमन यंत्र की एक्सपायरी चेक भी की। जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष पहुंचकर भर्ती पंजिका को चेक किया, जिसमें मरीज का अंतिम परिणाम अंकित नही था, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये ऑन ड्यूटी स्टाफ व मुख्य चिकित्सक को निर्देश दिये कि उक्त पंजिका को पूर्ण कराते हुये लामा, रेफर, एब्सकॉर्न एवं डिस्चार्ज मरीज की जानकारी उपलब्ध करायें।

निरीक्षण के दौरान ही जिलाधिकारी औषधि भण्डार कक्ष पहुंचे। यहां उन्होंने ऑन ड्यूटी फार्मासिस्ट से दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली एवं नियर एक्सपायरी पंजिका व नियर एक्सपायरी दवाईयों के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी दशा में मरीज को एक्सपायरी दवाएं न दी जाएं, अगर ऐसा हुआ तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों को भी निर्देशित किया कि मरीजों को अस्पताल में ही निःशुल्क दवाएं उपलब्ध करायी जायें, यदि बाहर की दवाएं लिखी जाती हैं तो सम्बंधित चिकित्सक की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने पीएनसी वार्ड में निरीक्षण के दौरान जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र काउण्टर का निरीक्षण गया और वार्ड में भर्ती मरीजों से अस्पताल का फीडबैक लेते हुए जानकारी ली कि उनके उपचार, दवाईयों एवं चिकित्सक द्वारा समय पर देखा जा रहा है या नहीं, भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, जिस पर समस्त मरीजों द्वारा बताया गया कि समस्त उपचार एवं चिकित्सक द्वारा समय से देखा जा रहा है, साथ ही भोजन भी समय से मिल रहा है।

जिलाधिकारी ने पुरुष और महिला चिकित्सालय के सभी पंजिकाओं का अवलोकन किया, उन्होंने एफएमजी इन्टर्न, जूनियर व सीनियर चिकित्सक पंजिका, बोर्डिनियर रेजीडेंस, सीनियर रेजीडेंस, फैकल्टी अटेन्डेंट, सेनेटरी वर्कर, संविदा कर्मचारी, विलीव सोल्युसन सर्विस, पर्मानेंट स्टाफ, आउटसोर्स स्टाफ, नॉन बॉन्डेड जूनियर्स, आउटसोर्स नर्स, आउटसोर्स स्वीपर आदि पंजिकाओं का अवलोकन किया और ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों व चिकित्सकों का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने सीएमएस व प्रिंसिपल को भी निर्देश दिये कि समय-समय पर पंजिकाओं व पत्रावलियों का परीक्षण करते रहें और उन्हें अद्यतन कराते रहें। उन्होंने 300 बेडेड चिकित्सालय के सामने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि दो फेज में पार्किंग स्थल बना दें।

### डीएम से स्थाई नियुक्ति की मांग

## बिरधा सीएचसी में डॉक्टरों की कमी, 100 गांवों के लोग प्रभावित

### प्रसूताओं को 40-50 किमी दूर जिला अस्पताल भेजा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खण्ड बिरधा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लंबे समय से चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की भारी कमी के चलते क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर संकट से गुजर रही हैं। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर अस्पताल में स्थायी चिकित्सकों एवं आवश्यक स्वास्थ्य कर्मियों की तत्काल नियुक्ति की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिरधा सीएचसी करीब 100 गांवों की एकमात्र प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्था है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।

इसके बावजूद अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि कई मरीजों को प्राथमिक उपचार के अभाव में जिला अस्पताल या अन्य चिकित्सा संस्थानों का रुख करना पड़ता है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि बिरधा एवं आसपास के क्षेत्र की एक लाख से अधिक आबादी इस स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। डॉक्टरों की कमी के कारण सामान्य बीमारियों से लेकर दुर्घटना और आपातकालीन मामलों तक में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को रेफर किए जाने से समय और धन दोनों की अतिरिक्त मार झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से महिला चिकित्सक के अभाव को गंभीर समस्या बताया है। उनका कहना है कि अस्पताल में महिला डॉक्टर न होने से गर्भवती महिलाओं और अन्य महिला मरीजों को मामूली स्वास्थ्य समस्याओं में भी 40 से 50 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल ललितपुर भेज दिया जाता है। इससे प्रसूताओं और उनके परिजनों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आपात स्थिति में जोखिम भी बढ़ जाता है। ज्ञापन में उल्लेख किया कि स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन जैसे पैरा मेडिकल कर्मचारियों की कमी के कारण जांच सेवाएं प्रभावित हैं। मरीजों को समय पर जांच नहीं मिल पाती और दवाओं के वितरण में भी काफी विलंब होता है, जिससे उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित को देखते हुए बिरधा सीएचसी में दो स्थायी एमबीबीएस चिकित्सकों, एक स्थायी महिला चिकित्सक तथा पर्याप्त संख्या में स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन की शीघ्र नियुक्ति कराई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## पीएनबी से स्वसहायता समूह की 21 महिलाओं को मिलीं भैंसें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त प्रयास से महत्वपूर्ण पहल की गई।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय झांसी के वित्तपोषण से स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की 21 महिलाओं को डेयरी योजना के अंतर्गत भैंसों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद अनुराग शर्मा ने लाभार्थी महिलाओं को भैंसें सौंपकर योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। डेयरी व्यवसाय ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे कार्यक्रम न केवल महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक एवं जिला प्रशासन के इस संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के विस्तार की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि डेयरी योजना से जिले से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण महिलाओं को अपने घर पर ही स्थायी एवं सम्मानजनक आजीविका का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही पंजाब नेशनल बैंक से अनुरोध किया कि भविष्य में भी पात्र एवं जरूरतमंद लाभार्थियों को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। पीएनबी मंडल प्रमुख के.एल. बैरवा ने कहा कि बैंक वित्तीय समावेशन, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बैंक जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण एवं वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराता रहेगा। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, सीडीओ शेषनाथ चौहान, जिला उपायुक्त (एनआरएलएम), अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार, डीडीओ अतिरंजन सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों को मिली नई सौगात, 14.95 लाख की लागत से बने विशेष पार्क का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद ने नगर के समग्र विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए वार्ड नंबर-18 स्थित मां कर्मा बाई पार्क में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से विकसित दिव्यांगजन पार्क का भव्य लोकार्पण किया।

अवस्थापना निधि से लगभग 14 लाख 95 हजार रुपये की लागत से तैयार इस पार्क का उद्घाटन नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने नगर के पार्षदों एवं पालिका अधिकारियों की उपस्थिति में किया। तदोपरांत नपाध्यक्ष ने पार्क का निरीक्षण कर वहां दिव्यांगजनों के लिए विकसित की गई सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को पार्क की नियमित साफ-सफाई, हरियाली, सुरक्षा तथा रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के विकास का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर और सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नपाध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके लिए सुविधायुक्त एवं सम्मानजनक सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मां कर्मा बाई पार्क में विकसित दिव्यांगजन पार्क सामाजिक समरसता, समान अवसर और संवेदनशील प्रशासन का प्रतीक बनेगा तथा दिव्यांगजनों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद ललितपुर विकास, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नगर के सभी वार्डों में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्कों का विकास तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ जारी रहेंगे। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद आलोक जैन मयूर, मुस्तफा खान, पार्षद कुंदन पाल, पार्षद जानकी प्रसाद, पार्षद रमेश श्रीवास्तव गांधी, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, कर लिपिक चंद्रविनोद मिश्रा, नजूल लिपिक सुधीर रावत, लिपिक अमित पाराशर, हितेंद्र रैकवार, गैराज प्रभारी अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी नागरिक उपस्थित रहे।



## झांसी ने ललितपुर को 2 रन से हराकर जीता वुमेन टीवीएस कप



**ललितपुर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन (पंजी.) के तत्वावधान में आयोजित स्व. कृष्णा क्रांति तिवारी (अम्मा जी) की पुण्य स्मृति में आयोजित लेदर बॉल वुमेन टी-20 टीवीएस कप का खिताब झांसी की टीम ने अपने नाम कर लिया। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में झांसी ने मेजबान ललितपुर को मात्र 2 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अंतिम ओवर तक चले इस मुकाबले ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए झाँसी की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 113 रन बनाए। टीम की ओर से दीक्षा यादव ने सर्वाधिक 28 रन, प्रेरणा चौहान ने 20 रन तथा वेदिका ने 15 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ललितपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए राखी ठाकुर और सुरभि राजा ने दो-दो विकेट लेकर झाँसी के बल्लेबाजी क्रम को झटके दिए। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ललितपुर की टीम ने भी शानदार संघर्ष किया। मीना यादव ने 25 रन, मुस्कान ने 17 रन और राखी ठाकुर ने 16 रनों की उपयोगी पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन अंतिम क्षणों में टीम लक्ष्य से महज दो रन पीछे रह गई और झांसी ने रोमांचक जीत दर्ज कर ली। झांसी की जीत में गेंदबाज लकी अमीन का अहम योगदान रहा। उन्होंने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए और ललितपुर की बल्लेबाजी को दबाव में बनाए रखा। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में दीपक शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी नीलू ने की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, हरिबाबू शर्मा, हेमन्त जैन, प्रदीप खटीक, आनंद मोहन दुबे, अशोक गोस्वामी, सौरभ गोस्वामी, आशीष तिवारी, मनीष पाठक, प्रदीप रिछारिया, निहाल चन्द्र, कृष्णकांत सोनी, मनोज वैध, दिव्यांश शर्मा, शत्रुधन यादव (अध्यक्ष), बृजबिहारी मिश्रा (सचिव), फईम इकबाल वेग, धर्मेन्द्र कुमार, अनिल सिंघानिया, मिर्जा शहीम वेग, विभान्शू तिवारी, धर्मेन्द्र गोस्वामी, लखन रैकवार, बिनोद पाठक, नितेश रजक, सचिन सोलंकी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। समापन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव बृजबिहारी मिश्रा ने अतिथियों, खिलाड़ियों, आयोजकों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

## बेटी की हत्या के आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**ललितपुर।** घंटाघर प्रांगण में थाना महरौनी के ग्राम भड़रऊ निवासी ओमप्रकाश तिवारी अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि उनकी गर्भवती पुत्री विशाखा तिवारी की दहेज के लिए ससुराल पक्ष ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चार चोटों का उल्लेख है, इसके बावजूद नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। पीड़ित पिता ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मामले में थाना महरौनी में मुकदमा अपराध संख्या 0238/2026 दर्ज है, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी हाईकोर्ट से राहत लेने की कोशिश में हैं और पुलिस उन्हें संरक्षण दे रही है। धरने पर बैठे पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि समझौता करने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

## अमरपुर मंडी को लेकर भड़के व्यापारी, कल से व्यापार शुरू होने पर संकट



**ललितपुर।** नवीन गल्ला एवं फल-सब्जी मंडी अमरपुर में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर फल एवं सब्जी व्यापारियों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मंडी परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर कराने की मांग की।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी नहीं की गईं तो 15 जुलाई से प्रस्तावित व्यापार संचालन प्रभावित हो सकता है। इस दौरान सब्जी, फल-फ्रूट व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो.करीम पप्पू राईन, समिति अध्यक्ष मोहम्मद जमा राईन एवं महामंत्री रघुवीर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से बताया कि मंडी परिसर के बी ब्लॉक की दुकान संख्या 1 से 26 तथा बी एवं सी ब्लॉक के नीलामी चबूतरों पर वर्तमान में गल्ले का भंडारण किया जा रहा है। इससे फल एवं सब्जी व्यापारियों के लिए व्यापार करना कठिन हो गया है। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर सी ब्लॉक के नीलामी स्थल को तत्काल खाली कराया जाए, जिससे व्यापार सुचारु रूप से संचालित हो सके। व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि दुकानों तक बिजली कनेक्शन तो उपलब्ध करा दिए गए हैं, लेकिन अभी भी विद्युत व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित नहीं है। मंडी में जनरेटर आधारित वैकल्पिक बिजली व्यवस्था नहीं होने से बिजली कटौती के समय व्यापार प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। वर्षाकाल को देखते हुए जलभराव और सुरक्षा संबंधी इंतजाम भी अधूरे बताए गए। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि कई लाइसेंसधारी व्यापारी अभी तक दुकान आवंटन से वंचित हैं। उन्होंने सभी पात्र व्यापारियों को निष्पक्ष और शीघ्र दुकान आवंटित करने की मांग की।

### स्कूल चलो अभियान के तहत रोड़ा में निकाली जागरूकता रैली

## घर-घर जाकर स्कूल में बच्चों के नए प्रवेश के लिए किया जनसंपर्क

### प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित बोले, क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यही विद्यालय का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रदेश सरकार के स्कूल चलो अभियान के तहत पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खड़ोवरा द्वारा ग्राम रोड़ा में जन-जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की गई। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित के नेतृत्व में हुआ। इसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राएं हाथों में शिक्षा संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा है जीवन का आधार और बेटी-बेटा एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार जैसे जागरूकता नारों के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गों से गुजरे। रैली के दौरान ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया गया। रैली के समापन के बाद विद्यालय परिवार ने घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण, अनुभवी शिक्षकों, आधुनिक शिक्षण पद्धति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का आग्रह किया गया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालय परिवार का प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। अभियान के दौरान ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और बच्चों के प्रवेश में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने अभियान: चोरी गई पिकअप बरामद की

# राजगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता: अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने एक अंतरजिला वाहन चोर गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के 4 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की गई पिकअप बरामद कर ली है। कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मखेनिया ने बताया कि फरियादी कन्हैयालाल तंवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24-25 जून की रात उनके घर के सामने से पिकअप वाहन एमपी 39 जी 2160 चोरी हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।

### सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से मिली कामयाबी

पुलिस टीम ने करीब 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपियों तक पहुँची। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी मुजाहिद, अमित, सुल्तान और रामबाबू ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था।

### वाहन की पहचान छिपाने के लिए की डेंटिंग-पेंटिंग

आरोपी मुजाहिद ने चोरी की पिकअप को कुरावर स्थित अपनी वेल्डिंग और डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान पर ले जाकर उसका रंग-रूप पूरी तरह बदल दिया था, ताकि वाहन की पहचान न हो सके। पुलिस ने सटीक विवेचना के आधार पर इस साजिश को नाकाम कर दिया। गिरफ्तार सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनमें मुजाहिद और अमित पर पहले से ही भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और मारपीट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरोह का एक अन्य सदस्य 'आशिक' अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मंजू मखेनिया, उप निरीक्षक राकेश दामले, जिला साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनारे सहित पूरी पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। एसपी ने टीम के कार्यों की प्रशंसा की है।

### डिजिटल लेनदेन और अन्य सेवाएं प्रभावित

# जियो का नेटवर्क दो दिन से ठप, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




नगर में पिछले दो दिनों से जियो का मोबाइल नेटवर्क प्रभावित होने से हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क बार-बार गायब होने तथा इंटरनेट सेवा ठप रहने से मोबाइल कॉलिंग, ऑनलाइन भुगतान, डिजिटल लेनदेन और अन्य इंटरनेट आधारित सेवाएं प्रभावित हो गई हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि कई क्षेत्रों में मोबाइल पर नेटवर्क नहीं आ रहा है, जबकि कहीं-कहीं सिग्नल आने के बावजूद कॉल नहीं लग रही और इंटरनेट की गति बेहद धीमी है। इसके कारण ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों, व्यापारियों, बैंकिंग कार्य करने वाले लोगों और विभिन्न डिजिटल सेवाओं पर निर्भर उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि नेटवर्क बाधित होने से यूपीआई के माध्यम से भुगतान लेने में भी परेशानी आ रही है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं कई लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। उपभोक्ताओं ने जियो कंपनी से जल्द से जल्द तकनीकी खराबी दूर कर नेटवर्क सेवा सुचारु करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। हालांकि समाचार लिखे जाने तक नेटवर्क पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया था और उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बनी हुई थी।

### सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता

# 2.35 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश, असम से 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नरसिंहगढ़ पुलिस ने सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एसबीआई योनो एप डाउनलोड कराने के नाम पर हुई 2.35 लाख की ठगी का खुलासा करते हुए असम के गुवाहाटी से तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक नरसिंहगढ़ निवासी अखिलेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात ठगों ने एसबीआई योनो एप डाउनलोड कराने का झांसा देकर उनसे 2,35,000 की ठगी की है। मामला दर्ज कर एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।

### 5,000 किलोमीटर का सफर कर पकड़े ठग

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों की बारीकी से जांच की, जिससे गिरोह के तार असम से जुड़े होने की पुष्टि हुई। टीम ने लगभग 5,000 किलोमीटर का सफर तय कर गुवाहाटी में दबिश दी। पुलिस ने जाल बिछाकर मुख्य आरोपी टीकू उर्फ अभिनाश, मिराजुल हक और कपिल भुइयां को तब दबोच लिया, जब वे ठगी की राशि निकालने बैंक पहुंचे थे।

### धोखाधड़ी का तरीका

आरोपी लोगों को बैंकिंग सहायता या एप डाउनलोड करने के नाम पर झांसे में लेते थे और रिमोट एक्सेस लेकर बैंक खातों से पैसे उड़ा देते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी की पूरी रकम के अलावा मोबाइल फोन और अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। एसपी अमित तोलानी ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें और न ही अपना व्न्च, पिन या पासवर्ड साझा करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़, साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनारे और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिले के पहले चतुर्कैलाशी बने प्रमोद सिंघी

### मणिमहेश, श्रीखंड, आदिकैलाश और किन्नौर के बाद श्रीखंड यात्रा पूरी की



हरिभूमि न्यूज, जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम रामगढ़ निवासी मेड़तवाल समाज के सदस्य प्रमोद सिंघी ने चतुकैलाशी यात्रा पूरी की। इस यात्रा में इनके साथ तीन युवा रामगढ़ एवं एक युवा बकानी राजस्थान के भी यात्रा कर लौटें। भगवान शिव के अतिप्रिय स्थान कैलाश पर्वत पांच हैं, जिन्हें पंचकैलाश के नाम से जाना जाता है। मणिमहेश कैलाश 18,547 फीट, श्रीखंड कैलाश 18,570 फीट, किन्नौर कैलाश 19,850 फीट, आदिकैलाश छोटा कैलाश 19,505 फीट और कैलाश मानसरोवर मुख्य कैलाश। इन्हीं पंचकैलाशों में से चार की दुर्गम यात्रा पूरी कर जिले के प्रमोद सिंघी निवासी रामगढ़ ने पहले ''चतुर्कैलाशी'' बनने का गौरव प्राप्त किया है। श्रीखंड कैलाश यात्रा विश्व की सबसे दुर्गम और कठिन यात्राओं में मानी जाती है, जहां पल-पल मौसम बदलता है और रातें अत्यंत कठिन होती हैं। दुर्गम रास्तें अत्यधिक परेशानी का सामना करते हुए तय कि यात्रा। प्रमोद सिंघी ने बताया कि उन्हें यह यात्रा करने की प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली। इस यात्रा में उनके साथ रामगढ़ से रामबाबू कारपेंटर, राजेश शर्मा , देवेंद्र तिवारी ने भी इस दुर्गम यात्रा को पूरा किया। जानकारी के मुताबिक प्रमोद ने 2022 में प्रथम कैलाश श्री मणिमहेश यात्रा से शुरुआत की थी। 2023 में उन्होंने विश्व की सर्वाधिक दुर्गम मानी जाने वाली श्रीखंड कैलाश यात्रा की। 2024 में आदि कैलाश ओर अब चैथी कैलाश यात्रा पूरी कर प्रथम यात्री बनने का गौरव हासिल किया है। इस यात्रा में मेडतवाल समाज से दो यात्री प्रमोद सिंघी रामगढ़ और देवेंद्र घटिया बंटू बकानी राजस्थान थे।

### काम में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए

# मंत्री टेटवाल ने नगर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को सारंगपुर नगर का भ्रमण कर विभिन्न सार्वजनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने नगर की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, नागरिक सुविधाओं एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार, विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और पेयजल सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के बेहतर संचालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। नगर भ्रमण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बमोरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रनवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री डॉ. टेटवाल ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाने का आह्वान किया।

### जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा 15 को

**विदिशा।** भगवान जगदीश स्वामी मानोरा धाम की 13वीं वार्षिक पदयात्रा 15 जुलाई को बड़ी बजरिया स्थित जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे रवाना होगी। दीपक तिवारी मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह पदयात्रा ग्राम मानोरा में आषाढ़ द्वितीया पर निकलने वाली भगवान श्री जगदीश स्वामी रथयात्रा में शामिल होने के लिए निकाली जा रही है। पदयात्रा प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी बारिश और किसानों की खुशहाली की कामना के साथ आयोजित होगी। बैठक में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान पवन सोनी, मुकेश राठौर, रूद्रेश नामदेव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### तेज धूप निकली उमस ने किया बेहाल

**विदिशा।** शनिवार को मौसम साफ रहा। बारिश न होने और तेज धूप के कारण हुई उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। उमस के कारण लोग बेचैन रहे। दोपहर में तीखी धूप के कारण लोग पसीना पसीना होते नजर आए। मौसम विभाग के मुताबित अलगे दो से तीन दिनों तक बारिश नहीं होगी। गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

# गुना की 2 लाख 26 हजार 846 लाड़ली लाभान्वित



**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को भिंड जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड्ली बहना योजना की किश्त लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की गयीद्य इसमें एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में 1835 करोड़ रूपये अंतरित की गयी हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाईव संबोधन को देखा एवं सुना गया। इस दौरान गुना जिले की 02 लाख 26 हजार 846 लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 33,45,39,000 (तैतीस करोड़ पैतालीस लाख उनतालीस हजार रूपये) की राशि अंतरित की गयी। कार्यक्रम में जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिनेश चंदेल, परियोजना अधिकारी गुना ग्रामीण दीपा शर्मा एवं परियोजना अधिकारी गुना शहर अरूणा पाण्डेय सहित लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

### बाइक चालक ने मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

**गुना।** जिले के जामनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शाहपुर के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शाहपुर निवासी 55 वर्षीय गोपाल पुत्र नन्नूलाल लोधा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर करीब 12:30 बजे गोपाल लोधा अपनी मोटरसाइकिल एमपी 08-1384 से डोंगर से घर लौट रहे थे। तभी बरवटपुरा रास्ते के पास सामने से आए पचगोडिया निवासी बाइक चालक खेमराज मीना ने उन्हें टक्कर मार दी।

# 20 से डाक कर्मियों का चरणबद्ध आंदोलन, रणनीति की गई तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



डाक विभाग को निजीकरण से बचाने और कर्मचारियों का शोषण रोकने के लिए भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 20 जुलाई से राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन शुरू होने जा रहा है। भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी के संभागीय अध्यक्ष सचेंद्र तिवारी ने बताया कि 5 जून 26 को ही दिल्ली में डाक विभाग के सचिव को आंदोलन की सूचना दे दी गई थी। विदेशी कंपनी मैकेंजी के इशारे पर किए जा रहे निजीकरण के प्रयासों और टारगेट के नाम पर डाक कर्मियों पर बनाए जा रहे अनुचित मानसिक दबाव के खिलाफ कर्मचारी लामबंद हो चुके हैं। आंदोलन को सफल बनाने के लिए गुना में आयोजित बैठक में रिक्त पदों को भरने, रेल डाक सेवा की बहाली और पुरानी डाक वितरण प्रणाली लागू करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं।

आंदोलन के तहत 20 से 27 जुलाई तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे। इसके बाद 28 जुलाई को लंच के समय संभागीय कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि 5 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल और 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इस चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने के लिए गुना गुरप सी के संभागीय सचिव केके भार्गव, खजांची गजेंद्र टांडेल, आलोक कटिहार, रमेश साहू, अर्पित श्रीवास्तव, राकेश कुमार, आदर्श रघुवंशी, पोस्टमैन के संभागीय अध्यक्ष अभिषेक दुबे, सचिव अजय साहू, कोषाध्यक्ष सुधीर वर्मा, ग्रामीण डाक सेवक के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सचिव रवि राव पाटिल, कोषाध्यक्ष मोहन बंजारा, अमित राठौर सहित अशोकनगर के सचिव भूपेंद्र रघुवंशी, हरिओम करेले और चेतन सोनकर आदि कर्मचारियों ने सभी से एकजुट होने की अपील की है।

### प्रमोद भार्गव ने कानपुर की बुजुर्ग असरफी बेगम को 4 महीने बाद परिवार से मिलाया



**गुना।** मानवता और सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश करते हुए समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने चार महीने से अपने परिवार से बिछड़ी कानपुर निवासी बुजुर्ग असरफी बेगम को उनके परिजनों से मिलाकर सकुशल घर पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार, असरफी बेगम भटकते हुए ट्रेन से गुना पहुंच गई थीं। उनके अस्वस्थ होने की सूचना मिलने पर प्रमोद भार्गव ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उनके इलाज की व्यवस्था की। वृद्धावस्था और कमजोर याददाश्त के कारण वे शुरुआत में अपने बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थीं। स्वास्थ्य में सुधार होने पर बुजुर्ग महिला ने बताया कि वे कानपुर के गदियाना क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति का नाम मोहम्मद महमूद है। इसके बाद प्रमोद भार्गव ने कानपुर में अपने संपर्कों, मस्जिदों और मदरसों के माध्यम से खोजबीन शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद उनके पुत्र सरफराज का पता लगाकर फोन पर बातचीत कराई गई। पहचान की पुष्टि होने के बाद प्रमोद भार्गव ने बुजुर्ग महिला की गुना से कानपुर तक की सुरक्षित यात्रा और घर पहुंचने का पूरा खर्च स्वयं उठाकर उन्हें रवाना किया। विदा होते समय असरफी बेगम भावुक हो गईं और उन्होंने रोते हुए प्रमोद भार्गव का आभार जताया।

### बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैतपुरा का आयोजन

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जैतपुरा कला पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैतपुरा द्वारा 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर बैंक सीनियर ब्रांच मैनेजर उत्कृष्ट तिवारी, एग्रीकल्चर ऑफिसर विनोद मीणा, अंजी नायर, पूनमचंद वर्मा एवं राकेश झावा ने विद्यालय परिवार के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम सेन, रामप्रसाद लववंशी, बद्रीलाल दांगी एवं हर्षित शर्मा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है।

### नगर में प्रथम बार आज होगा मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज का मंगल प्रवेश, जैन समाज ने की तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का 14 जुलाई को प्रथम बार सारंगपुर नगर में मंगल प्रवेश होगा। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज एवं नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। समाज के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि सुबह 8:30 बजे ए.बी. रोड स्थित श्री महावीर कीर्ति स्तंभ पर गुरुदेव की भव्य अगवानी की जाएगी। इसके बाद विशाल मंगल चल समारोह नया बस स्टैंड, भेरू दरवाजा और टेंशन चौराहा होते हुए श्री महावीर दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंचेगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु पुष्पवर्षा एवं स्वागत करेंगे। मंदिर पहुंचने पर मुनिश्री धर्म, अहिंसा, संयम और आत्मकल्याण पर प्रवचन देंगे तथा आहारचर्या संपन्न होगी। आयोजन को लेकर स्वागत द्वार, धर्मध्वज, पेयजल, चिकित्सा, यातायात और स्वयंसेवकों की विशेष व्यवस्था की गई है। समाज ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से समय पर उपस्थित होकर अनुशासन के साथ आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# आरोन गल्ला मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने भारत भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन



गल्ला मंडी व्यापारी एसोसिएशन के निवृतमान अध्यक्ष विजय जैन डोडिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरोन गल्ला मंडी व्यापारी संघ की नवीन कार्यकारिणी के लिए उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओं ने सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया।

नव गठित कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी गोलू झंडा ने बताया कि मिलनसार एवं मृदुल व्यवहार के धनी गल्ला व्यापारी भारत भूषण शर्मा को आगामी दो वर्ष के लिए गल्ला मंडी व्यापारी संघ का नवीन अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक में जयकुमार उपरिंग एवं धनपाल जैन बाखर को संरक्षक,सोनू जैन चाचा,सन्नी नारद,चंद्रेश रघुवंशी को उपाध्यक्ष,अभिषेक भार्गव संजीव साहू को महामंत्री, गोलू झंडा एवं नीरज साहू को मीडिया प्रभारी,अशोक चबूतरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष जैन विजय डोडिया के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए व्यापारियों ने उनका सम्मान किया। अध्यक्ष श्री भारत भूषण शर्मा ने एकजुट होकर मंडी की समस्याओं के समाधान एवं व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।